सोनभद्र में 177 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में आवास और शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में 177 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु:

- 10 करोड़ 41 लाख रुपए की परियोजनाएँ श्री पुरी के सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना निधि से वित्त पोषित हैं
- जनवरी 2018 से मार्च 2024 तक लगातार **आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के समग्र प्रदर्शन में सोनभद्र 112 ज़िलों में से शीर्ष पाँच ज़िलों में शामिल** है।
- मंत्री ने वर्ष 2018 में नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत सोनभद्र की विकास पहल की देखरेख की ज़िम्मेदारी संभाली।

MPLAD स्कीम

- यह एक **केंद्रीय क्षेत्र योजना** है जिसकी घोषणा दिसंबर 1993 में की गई थी।
- **उद्देश्य:**
- सांसदों को मुख्य रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़कों आदि के क्षेत्रों में धारणीय सामुदायिक संपत्तियों के निर्माण पर ज़ोर देने के साथ विकासात्मक प्रकृति के कार्यों की सिफारिश करने में सक्षम बनाना।
    - जून 2016 से, MPLAD फंड का उपयोग **स्वच्छ भारत अभियान, सुगम्य भारत अभियान (सुगम्य भारत अभियान),** वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण और **सांसद आदर्श ग्राम योजना** आदि योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये भी किया जा सकता है।

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम

- इसे वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य उन **ज़िलों में परिवर्तन** लाना है, जिन्होंने प्रमुख **सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति दर्शाई है।**
- आकांक्षी जिले भारत के वे ज़िले हैं, जो **कम प्रदर्शन करने वाले सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/177-development-projects-inaugurated-in-sonbhadra